शिव शंकर का गुणगान करो

ॐ नमः शिवा, ॐ नमः शिवा, ॐ नमः शिवा, ॐ नमः शिवा ।

शिव शंकर का गुणगान करो, शिव भक्ति का रसपान करो ।
जीवन ज्योतिर्मय हो जाए, जो तिर्लिंगो का धयान करो ॥

उसने ही जगत बनाया है, कण कण में वोही समाया है ।
दुःख भी सुख सा ही बीतेगा, सर पे जब शिव का साया है ।
बोलो हरि हरि हरि महादेव, हर मुश्किल को आसान करो ॥

शंकर तो हैं अन्तर्यामी, भक्तो के लिए सखा से हैं ।
भगवान् भाव के भूखे हैं, भगवान् प्रेम के प्यासे हैं ।
मन के मंदिर में इसी लिए शिव मंदिर का निर्माण करो ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/306/title/shiv-shankar-a-gungaan-karo-shiv-bhakti-ka-raspaan-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |